**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के तृतीय सोमवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार <u>त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 3 (क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि जनपद कुशीनगर के उत्तरदायी अधिकारियों के संरक्षण में डी0ए0पी0 खाद की खुलेआम काला बाजारी की जा रही है? | जी नहीं। |
| (ख) यदि नहीं, तो क्या उक्त जनपद में साधन सहकारी समितियों को तथा प्राइवेट रूप से रजिस्टर्ड समितियों को दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक डी0ए0पी0 खाद कितनी-कितनी आवंटित की गयी है? | दिनाकं 01 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2022 तक प्रीपोजिशनिंग योजनान्तर्गत भण्डारित डी0ए0पी0 3500 मै0टन एवं सामान्य योजनान्तर्गत 24669.300 मै0टन सहित कुल 28169.300 मै0टन डी0ए0पी0 में से साधन सहकारी समितियों को 12382.000 मै0टन तथा पी0सी0एफ0 कृषक सेवा केन्द्रों/इफको के कर्मचारियों द्वारा संचालित कृषक सेवा केन्द्रों/आई0एफ0एफ0डी0सी0/ इफको बाजार केन्द्रों को 15787.300 मै0टन का आवंटन किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी समिति को डी0ए0पी0 का आवंटन नहीं किया गया है। |
| (ग) क्या उत्तरदायी अधिकारियों के द्वारा धन वसूली कर के निजी समितियों को बड़े पैमाने पर डी0ए0पी0 खाद का आवंटन किया जा रहा है? | जी नहीं। |
| (घ) क्या उक्त की जॉच करा कर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नही उठता। |

जे0पी0एस0 राठौर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सहकारिता विभाग।